## इंग्लैंड को अच्छे प्रदर्शन के लिए समर्थन की जरूरत : स्टर्लिंग

लंदन। इंग्लैंड की फुटबाल टीम के फारवर्ड रहीम स्टर्लिंग ने प्रशंसकों से प्यार और समर्थन की मांग की है, ताकि उनकी टीम विश्व कप मे अच्छा प्रदर्शन कर सके। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, रूस में होने वाले फीफा विश्व कप टूर्नामेंट से पहले इंग्लैंड की टीम तीन अभ्यास मैच खेलेगी। इंग्लैंड ने पिछले शुक्रवार को एक दोस्ताना मैच में नीदरलैंड्स को 1-0 से मात दी थी। बीबीसी रेडियो-5 को दिए एक बयान में स्टर्लिंग ने कहा, मुझे कभी-कभी काफी नकारात्मकता महसूस होती है।

# क्रिकेट आस्ट्रेलिया की आपात बैठक

## स्मिथ और लीमन पर लटकी तलवार





**सिडनी (एएफपी)।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया की गेंद से छेड़खानी के मामले में आज दक्षिण अफ्रीका में आपात बैठक होगी जिसमें कोच कोच डेरेन लीमन और कप्तान स्टीव स्मिथ के भविष्य का फैसला किया जाएगा। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के प्रमुख जेम्स सदरलैंड पर कड़ा फैसला करने के लिये भारी दबाव है क्योंकि आस्ट्रेलियाई मीडिया ने टीम संस्कृति को बदहाल करार दिया है। वह आज जोहानिसबर्ग पहुंचेंगे जहां वह इस संस्था की आचार संहिता संबंधी समिति के प्रमुख इयान राय से मिलेंगे। सदरलैंड और राय कड़े फैसले कर सकते हैं और रिपोर्टों के अनुसार वे स्मिथ और उप कप्तान डेविड वार्नर पर 12 महीने का प्रतिबंध लगाकर उन्हें स्वदेश भेज सकते हैं। स्मिथ गेंद से छेड़खानी की योजना बनाने में शामिल होने के कारण पहले ही एक मैच का प्रतिबंध झेल रहे हैं जो उन पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने लगाया है। स्मिथ के साथी कैमरन बैनक्राफ्ट को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ करते हुए पाया गया था। इसका मतलब है कि वह जोहानिसबर्ग में शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। लीमन इस विवाद के शुरू होने के बाद से ही चुप्पी साधे हुए हैं लेकिन ब्रिटिश टेलीग्राफ के अनुसार उन्होंने अपना पद छोड़ने का फैसला कर लिया है जो कि तुरंत प्रभाव से लागू होगा। इसका मतलब है कि वह भी इस टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं होंगे। लीमन 2013 में टीम के कोच बने थे जब मिकी आर्थर को बर्खास्त किया गया था। जस्टिन लैंगर को उनका स्थान लेने के लिये मजबूत दावेदार माना जा रहा है हालांकि रिकी पोंटिंग का नाम भी चर्चा में है। सदरलैंड ने क्रिकेट प्रेमियों को भेजे ईमेल में कहा, ''हम बुधवार की सुबह तक आस्ट्रेलियाई जनता को जांच और परिणामों से अवगत कराने की स्थिति में रहेंगे।'' उन्होंने कहा, ''हम इस स्थिति पर सभी के सरोकारों को समझते हैं तथा हम इसमें शामिल संबंधित मुद्दों से अच्छी तरह से निबटने के लिये उचित प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। ''आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री मैलकम टर्नबुल ने आज फिर दोहराया कि यह आस्ट्रेलिया के लिये घोर अपमान है और क्रिकेट आस्ट्रेलिया को पूरी दृढ़ता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए। पूर्व आस्ट्रेलियाई कोच जान बुकानन ने कहा कि स्मिथ को कप्तान पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और क्रिकेट प्रमुखों को पूरे पारदर्शी तरीके से जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह आस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सदस्यों के लिये बहुत मुश्किल समय है। मेरा मानना है कि यह खिलाड़ियों और स्टाफ के व्यवहार, कार्यों और फैसलों को नया स्वरूप देने का सुनहरा अवसर है।''

# भाखर-अनमोल ने एयर पिस्टल मिश्रित में स्वर्ण पदक जीता



सिडनी (भाषा)। मनु भाखर और अनमोल की जोड़ी ने आज यहां दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में विश्व रिकार्ड के साथ सोने का तमगा जीता जो भारत का आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप निशानेबाजी में सातवां स्वर्ण पदक है। गनेमत शेखों ने महिलाओं की जूनियर स्कीट में फाइनल में 36 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया। दस मीटर एयर राइफल की मिश्रित स्पर्धा में 17 वर्षीय श्रेया अग्रवाल और 19 वर्षीय अर्जुन बाबुता ने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने 432.8 अंक बनाये। भारत के ही इलावेनिल वलारिवान (18) और तेजस कृष्णा प्रसाद (20) की जोड़ी इस स्पर्धा में 389.1 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रही। भाखर और अनमोल ने अपनी स्पर्धा में शुरू से ही दबदबा बनाये रखा। उन्होंने क्वालीफिकेशन में सर्वाधिक स्कोर बनाया और इस बीच जूनियर क्वालीफिकेशन का नया विश्व रिकार्ड भी स्थापित किया। अनमोल और भाखर ने 770 अंक के साथ यह रिकार्ड बनाया। इसके बाद फाइनल में भी उन्होंने पहली सीरीज से अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। वे अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी चीन के लियु जिनयावो और ली झुई से लगातार अंतर बढ़ाते रहे। उन्होंने आखिर में 478.9 अंक बनाये जो वर्तमान विश्व रिकार्ड से केवल 1.8 अंक कम है। चीन ने रजत और कांस्य पदक दोनों जीते। लियु जिनयाओ और ली झुई 473.3 अंक के साथ दूसरे जबकि वांग झेहाओ और झियो झियाझुआन 410.7 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रहे। भारत की दूसरी टीम में 18 वर्षीय गौरव राणा और 19 वर्षीय महिमा तुर्ही अग्रवाल शामिल थे। ये दोनों पदक से चूक गये। उन्हें फाइनल में 38 शाट के बाद बाहर होना पड़ा तब उन्होंने 370.2 अंक बनाये थे और वे चौथे स्थान पर थे। भारत अब सात स्वर्ण सहित 17 पदक लेकर दूसरे स्थान पर चल रहा है। चीन आठ स्वर्ण सहित 21 पदक लेकर शीर्ष पर है।

## नीदरलैंड ने पुर्तगाल को 3-0 से हराया

जेनेवा (एएफपी)। नीदरलैंड ने कल रात यहां मैत्री फुटबाल मैच में पुर्तगाल को आसानी से 3-0 से हराया जो उसके नये कोच रोनाल्ड कोमैन की पद संभालने के बाद पहली जीत है।

तीन बार का विश्व कप उप विजेता नीदरलैंड इस साल रूस में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाया है लेकिन कोमैन के आने के बाद टीम ने जो दूसरा मैच खेला उसी में अच्छे अंतर से जीत दर्ज की। नीदरलैंड की तरफ से मेंफिस डेपे, रेयान बाबेल और वर्जिल वान दिज्क ने गोल किये। यूरोपीय चैंपियन पुर्तगाल के लिये यह निराशाजनक हार है। उसके करिश्माई स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस मैच में किसी भी समय रंग में नहीं दिखे।

## आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री मैलकम टर्नबुल की छींटाकशी खत्म करने की अपील



सिडनी (एएफपी)। आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री मैलकम टर्नबुल गेंद से छेड़खानी मामले के बाद क्रिकेट की छवि सुधारने की कवायद के तहत आज इस खेल से छींटाकशी समाप्त करने की अपील की। टर्नबुल ने धोखाधड़ी के इस मामले को 'आस्ट्रेलिया के लिये अपमानजनक' करार दिया। आस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने स्वीकार किया था कि उनकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी की योजना बनायी थी। उन्होंने क्रिकेट आस्ट्रेलिया से इस मामले में निर्णायक रूप से काम करने की मांग की। यह खेल संस्था कल अपना फैसला सुना सकती है। टर्नबुल ने कहा कि अगर क्रिकेट को फिर से आदर्श खेल बनाना है क्रिकेट संस्थाओं को छींटाकशी पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कैनबरा में पत्रकारों से कहा, ''मेरा मानना है कि छींटाकशी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। यह नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। इसका क्रिकेट में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। क्रिकेट का खेल एक बार फिर आदर्श के रूप में स्थापित होना चाहिए।''

## जोहानिसबर्ग में टेस्ट टीम से जुड़ेंगे मैट रेनशॉ

**मेलबर्न (भाषा)।** क्वीन्सलैंड के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ जल्द ही आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में वापसी कर सकते हैं क्योंकि इस बल्लेबाज को ब्रिस्बेन में शैफील्ड शील्ड फाइनल के तुरंत बाद दक्षिण अफ्रीका रवाना होने के लिये कहा गया है। क्रिकेट-काम-एयू के अनुसार, ''रेनशॉ आज शाम को जोहानिसबर्ग के लिये रवाना होगें और केपटाउन में गेंद से छेड़छाड़ से पैदा हुए संकट को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे और अंतिम टेस्ट मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे।'' टेस्ट कप्तान स्टीव स्मिथ को आईसीसी ने चौथे टेस्ट मैच से प्रतिबंधित कर दिया है जबकि कैमरन बैनक्राफ्ट पर मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। रेनशॉ क्रिसमस के बाद से ही अच्छी फार्म में चल रहे हैं और उन्होंने बुल्स की तरफ से फाइनल से पहले तीन शतक जड़े।

# स्टीफन्स ने मुगुरूजा को बाहर का रास्ता दिखाया



**मियामी (एएफपी)।** सलोनी स्टीफन्स ने विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी गर्बाइन मुगुरूजा को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के बाहर होने का सिलसिला जारी रखा। यूएस ओपन चैंपियन स्टीफन्स ने स्पेन की मौजूदा विंबलडन चैंपियन मुगरूजा को 6-3, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 12वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी स्टीफन्स का सामना अब जर्मनी की एंजेलिक कर्बर से होगा जिन्होंने चीन की वांग यफान को 6-7 (1/7), 7-6 (7/5), 6-3 से हराने के लिये जमकर पसीना बहाया। वीनस विलियम्स भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। उन्होंने ब्रिटेन की योहाना कोंटा को 5-7, 6-1, 6-2 से पराजित किया। बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका ने पोलैंड की एग्निस्का रादवांस्का को 6-2, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। कजाखस्तान की जरीना डायस के आधे मैच से हट जाने के कारण चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता प्राप्त कारोलिना पिलिसकोवा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। जब जरीना ने हटने का फैसला किया तब पिलिसकोवा 6-2, 2-1 से आगे चल रही थी। उक्रेन की चौथी वरीय इलिना स्वितलोना ने आस्ट्रेलिया की एशलीग बार्टी को 7-5, 6-4 से जबकि अमेरिका की डेनियली कोलिन्स ने प्यूर्टोरिका की मोनिका पुइग को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनायी।

## रोमियो फर्नांडिस का दिल्ली डायनामोस से दो साल का अनुबंध

**नयी दिल्ली (भाषा)।** विंगर रोमियो फर्नांडिस ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम दिल्ली डायनामोस के साथ अपना करार दो साल के लिये बढ़ा दिया है और अब वह 2019-2020 सत्र तक इस टीम से जुड़े रहेंगे। यह 25 वर्षीय फुटबालर उन कई खिलाड़ियों में शामिल है जिनके साथ डायनामोस ने लंबी अवधि का करार किया है क्योंकि क्लब पिछले सत्र के अपने प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बनाये रखना चाहता है। रोमियो ने सत्र की धीमी शुरूआत की लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, ''मैं दिल्ली डायनामोस के साथ दो साल तक और बने रहने को लेकर खुश हूं। पिछले साल में एक खिलाड़ी के रूप में मैंने काफी सुधार किया है और मुझे खुशी है कि क्लब को मुझ पर भरोसा है।''

# इंग्लैंड से बदला चुकता करने उतरेगी आस्ट्रेलियाई महिला टीम



**मुंबई (भाषा)।** आस्ट्रेलियाई महिला टीम त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला में कल यहां जब इंग्लैंड का सामना करने के लिये उतरेगी तो उसका लक्ष्य अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी से टूर्नामेंट के शुरू में मिली हार का बदला चुकता करना होगा। मेजबान भारत अपने सभी मैच गंवाने के कारण फाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है और ऐसे में कल का मैच शनिवार को होने वाले फाइनल से पहले की 'ड्रेस रिहर्सल' जैसा होगा। लेकिन टूर्नामेंट में भारत को दो अवसरों पर हराने वाले आस्ट्रेलिया के लिये इंग्लैंड को पराजित करना आसान नहीं होगा। इन दोनों टीमों के बीच पहले मैच में इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। इंग्लैंड की बल्लेबाज शानदार फार्म में चल रही हैं। डेनियली वाइट ने भारत के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में शतक जड़ा जिससे उनकी टीम रिकार्ड लक्ष्य हासिल करने में सफल रही। उनके अलावा टेमी ब्यूमोंट, नताली शाइवर भी अच्छी फार्म में चल रही हैं। गेंदबाजों में इंग्लैंड की टैश फैरेंट, केटी जार्ज, जेनी गुन और शाइवर ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया और वे आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की कोशिश करेंगी। आस्ट्रेलिया को कप्तान मेग लैनिंग, फार्म में चल रही बेथ मूनी और एलिस विलानी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। मेगान स्कट भारत के खिलाफ हैट्रिक लेकर आत्मविश्वास से भरी है लेकिन उन्हें डेलिसा किमन्से और स्पिनरों से मदद की दरकार रहेगी।

## आस्ट्रेलिया ने एशेज के दौरान भी की गेंद से छेड़छाड़ : वान

**लंदन (एएफपी)।** इंग्लैंड के पूर्व माइकल वान ने कहा कि उन्हें पक्का विश्वास है कि आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल की टेस्ट श्रृंखला के दौरान गेंद से छेड़छाड़ की थी। आस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ करने की योजना में शामिल होने के लिये आईसीसी ने एक मैच के लिये निलंबित कर रखा है। स्मिथ ने कहा था कि यह पहला अवसर था जबकि उनकी कप्तानी में ऐसा हुआ लेकिन 2005 में एशेज जीत के दौरान इंग्लैंड के कप्तान रहे वान का मानना है कि ऐसा पिछले कुछ समय से चल रहा है। वान ने बीबीसी से कहा, ''मैं नहीं मान सकता कि ऐसा पहले नहीं हुआ था। मैंने देखा कि बहुत अधिक क्षेत्ररक्षकों ने बहुत अधिक पट्टियां बांध रखी थी विशेषकर एशेज श्रृंखला के दौरान। वे मिड आफ, मिड आन पर खड़े रहते थे। आप उनका नाम नहीं लेना चाहते लेकिन वे जानते हैं कि वे कौन हैं।

## आलोचना में संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत : स्टीव वॉ



**सिडनी (भाषा)।** पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने अपील कि है कि आस्ट्रेलियाई क्रिकेट को झकझोरने वाले गेंद से छेड़खानी के मामले में 'केंद्रित और संतुलित दृष्टिकोण' अपनाने की अपील की है। नब्बे के दशक के आखिर और इस सदी के शुरू में आस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में एक का नेतृत्व करने वाले वॉ ने आस्ट्रेलियाई टीम के धोखाधड़ी वाले रवैये को 'निर्णय लेने में गलती' करार दिया और अपने देश के खिलाड़ियों को खेल भावना से जुड़ी नियमावली को फिर से पढ़ने की सलाह दी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में गेंद से छेड़छाड़ के मामले में आस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ पर निलंबन की तलवार लटक रही है। वॉ ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, ''इस मामले में जो भी शामिल हैं, उनकी आलोचना करते समय केंद्रित और संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इसमें सभी खिलाड़ियों पर पड़ने वाले सामाजिक प्रभाव और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीरता से विचार करें। '' उन्होंने कहा, ''मैं खेल की बेहतरी तथा प्रत्येक क्रिकेट प्रेमी का भरोसा वापस पाने के लिये की जाने वाली हर तरह की सकारात्मक कार्रवाई का समर्थन करूंगा।''वॉ ने कहा, ''कई अन्य की तरह पिछले सप्ताह केपटाउन की घटनाओं ने मुझे भी झकझोरा है और मुझे विश्व भर से हजारों क्रिकेट प्रेमियों के संदेश मिल रहे हैं जिनका इससे दिल टूटा है। ''

## संक्षिप्त समाचार

### कोहली को काउंटी क्रिकेट खेलने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिये: विलिस

**लंदन (भाषा)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बाब विलिस का मानना है कि विराट कोहली को काउंटी क्रिकेट खेलने की अनुमति देना मूर्खतापूर्ण होगा । विलिस चाहते हैं कि वह उसी खराब फार्म में रहे जो2014 में थी जब भारतीय टीम यहां टेस्ट श्रृंखला खेलने आई थी । कोहली अगस्त-सितंबर में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला की तैयारी के लिये सर्रे की ओर से काउंटी क्रिकेट खेलेंगे । विलिस ने स्काय स्पोटर्स से कहा,'' विदेशी खिलाड़ियों को काउंटी खेलने की अनुमति देना मेरी समझ से परे है ।''उन्होंने कहा,'' उसका वह खराब फार्म जारी रहना चाहिये जो पिछली बार इंग्लैंड दौरे पर था । हम नहीं चाहते कि इंग्लैंड अपनी धरती पर टेस्ट श्रृंखला हारे और इसका कारण यह हो कि हमने इन विदेशी खिलाड़ियों को यहां काउंटी खेलने का मौका दिया ।'' कोहली के अलावा चेतेश्वर पुजारा यार्कशर के लिये और ईशांत शर्मा ससेक्स के लिये काउंटी क्रिकेट खेलेंगे ।

### आईओए के नवनियुक्त सदस्यों से मिलेंगे आईओसी प्रमुख

**नयी दिल्ली (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थामस बाक अगले महीने भारत के अपने संक्षिप्त दौरे के दौरान भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के नव नियुक्त सदस्यों से मिलेंगे। एएनओसी और ओसीए अध्यक्ष शेख अहमद अल सबाह भी 18 से 20 अप्रैल के बीच भारत दौरे पर आएंगे। बाक और शेख अहमद 19 अप्रैल को खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से मुलाकात कर सकते हैं। इसके बाद आईओए के सदस्यों से मिलेंगे जिसकी अगुवाई अध्यक्ष नरिंदर ध्रुव बत्रा और महासचिव राजीव मेहता करेंगे। इस बैठक में 2020 और 2024 ओलंपिक खेलों के लिये भारत की तैयारियों पर चर्चा होगी। बत्रा भविष्य में बड़ी खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिये भारत की तैयारियों से भी अवगत करा सकते हैं। बत्रा ने कहा, ''भारत सरकार या खेल मंत्री के साथ उनकी क्या चर्चा होगी इस पर मैं कुछ नहीं कह सकता लेकिन आईओए निश्चित तौर पर भारत में बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिये हमारे तैयार होने की बात उनके सामने रखेगा। इसके अलावा हम इस पर भी चर्चा करना चाहेंगे कि आईओसी ओलंपिक एजेंडा 2020 योजना को हासिल करने के लिये हम कैसे प्रभावशाली तरीके से कार्य कर सकते हैं।''बाक ने 2013 में आईओसी अध्यक्ष पद संभालने के बाद 2015 में पहली बार भारत का दौरा किया था।

### जिम्बाब्वे क्रिकेट अधिकारी नायर 20 साल के लिये निलंबित

**दुबई (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जिम्बाब्वे क्रिकेट प्रशासन के पूर्व अधिकारी राजन नायर को अंतरराष्ट्रीय मैच फिक्स करने के आरोप में 20 वर्ष के लिये क्रिकेट गतिविधियों से निलंबित कर दिया है। हरारे मेट्रोपोलिटन क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष और विपणन निदेशक नायर पर आचार संहिता के तीन नियमों के उल्लंघन के तहत आरोप लगाये गये। इनमें जिम्बाब्वे के कप्तान ग्रीम क्रेमर को 30,000 डालर की पेशकश भी शामिल है। क्रेमर ने कहा, ''मुझे खेल से बेहद करीब से जुड़े किसी व्यक्ति ने संपर्क किया था और मेरे दिमाग में इसको लेकर कोई संदेह नहीं था कि मुझे जल्द से जल्द रिपोर्ट करनी चाहिए।''नायर को इससे पहले 16 जनवरी 2018 को अस्थायी निलंबित किया गया था और अब वह 16 जनवरी 2038 तक क्रिकेट से जुड़ी किसी भी तरह की गतिविधि में शामिल नहीं हो पाएंगे। नायर ने पिछले साल वेस्टइंडीज के साथ हुई टेस्ट श्रृंखला को प्रभावित करने की कोशिश की थी।

## अखिल कुमार और मुराद ने पूछा विदेशी कोचों से लगाव क्यों

**नयी दिल्ली (भाषा)।** भारतीय मुक्केबाजी के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक अखिल कुमार और अपने जमाने के दिग्गज निशानेबाज मुराद अली खान ने आज विदेशी कोचों को अधिक महत्व और वेतन देने की नीति पर सवाल उठाये। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पांच मुक्केबाजों में से एक 37 वर्षीय अखिल ने राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिये शुभकामना संदेश देने के लिये आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रतिक्रिया बेबाकी से रखी। अखिल ने खेलों के आधिकारिक प्रसारक सोनी टीवी और दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कहा, ''अगर विदेशी कोच इतने अच्छे हैं तो उन्हें सब जूनियर स्तर पर नियुक्त क्यों नहीं किया जाता। अगर वे इतने ही अच्छे हैं तो उन्हें युवाओं को तैयार करने में लगाओ। उन्हें अच्छी तरह से तैयार खिलाड़ी क्यों सौंपे जाते हैं। अगर मैं राष्ट्रीय चैंपियन बनकर राष्ट्रीय शिविर में आता हूं तो तब तक मैं पूरी तरह से तैयार रहता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं विदेशी कोचों के खिलाफ नहीं हूं लेकिन उन्हें हमारी प्रतिभाओं की कीमत पर नहीं रखा जाना चाहिए जो उनसे भी बेहतर हैं। मैं गोरी चमड़ी के प्रति लगाव को नहीं समझ पाया हूं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक मंजू सिंह द्वारा जनसंदेश न्यूज प्रा.लि. प्रेस, इण्डस्ट्रियल एरिया, सरोजनीनगर, निकट स्कूटर इण्डिया, गौरी, कानपुर रोड, लखनऊ (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 570/एस-93, फौजी कालोनी, आजाद नगर, आलमबाग, लखनऊ-226005 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक- मंजू सिंह**
आरएनआई नं- 69541/98
फोन नं- 0522-4032738
मोबाइल- 9792132999
E-Mail
sandhyahalchal@gmail.com
News Portel
www.sandhyahalchalnews.com
समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

## अखिल को मनोज, पूनिया व नीरज से पदक की उम्मीद



**नयी दिल्ली (भाषा)।** अनुभवी मुक्केबाज अखिल कुमार ने आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में मनोज कुमार को मुक्केबाजी में पदक का प्रबल दावेदार करार दिया जबकि चक्का फेंक की दिग्गज एथलीट कृष्णा पूनिया को भाला फेंक में जूनियर विश्व रिकार्डधारक नीरज चोपड़ा से ऐसी उम्मीद है। गोल्ड कोस्ट में चार से 15 अप्रैल के बीच होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिये सोनी पिक्चर्स नेटवर्क और दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'रंग दे तिरंगा' शुभकामना संदेश कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व हाकी कप्तान जफर इकबाल ने भारत की महिला और पुरूष दोनों टीमों को बेहद संतुलित करार दिया तो निशानेबाज मुराद अली खान ने निशानेबाजी में 80 प्रतिशत स्पर्धाओं में पदक जीतने की उम्मीद जतायी। मेलबर्न राष्ट्रमंडल खेल 2006 में स्वर्ण पदक जीतने वाले अखिल ने कहा, ''मनोज 2010 से राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहा है। उसने 2010 में स्वर्ण पदक जीता है और इस बार उसके पास इन खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने का बहुत बढिया मौका है। इनके अलावा एमसी मेरीकोम और विकास कृष्ण यादव हैं जिनकी बहुत अच्छी संभावना है।''भारत की मुक्केबाजी में 12 सदस्यीय टीम हिस्सा लेगी जिसमें आठ पुरूष और चार महिलाएं शामिल हैं। मनोज (69 किग्रा) ने दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता जबकि विकास (75 किग्रा) ने एशियाई खेलों (2010) में यह कारनामा दिखाया था। पांच बार की विश्व चैंपियन मेरीकोम एशियाई खेल (2014) में सोने का तमगा जीता था लेकिन उन्हें भी विकास की तरह राष्ट्रमंडल खेलों में पहले पदक की दरकार है। इस अवसर पर जब 2010 खेलों में महिलाओं के चक्का फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली कृष्णा पूनिया से एथलेटिक्स में भारत की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने विशेषकर नीरज चोपड़ा का नाम लिया जिन्होंने 2016 में 86.48 मीटर के साथ जूनियर विश्व रिकार्ड बनाया था। पूनिया ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों से हमारे एथलीट लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। नीरज चोपड़ा (भाला फेंक) से सभी को उम्मीदें हैं हालांकि उस पर दबाव नहीं बनाना चाहिए लेकिन वह पदक का प्रबल दावेदार है। इसके अलावा मुझे पुरूषों की ऊंची कूद (तेजस्विन शंकर) और त्रिकूद (अरपिंदर सिंह) तथा महिलाओं में लंबी कूद (नीना वराकिल) और चक्का फेंक (सीमा पूनिया और नवजीत कौर) से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। ''पूनिया ने कहा कि जो भी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है उसकी तारीफ की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''जब कोई खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देता है तो वह पदक के करीब पहुंचता है। दीपा कर्माकर का उदाहरण हमारे सामने है जिन्होंने रियो में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और पदक के करीब पहुंची। मेरा अपने एथलीटों से अपील है कि वह खुद पर किसी तरह का दबाव नहीं बनने दें। ''मैनचेस्टर राष्ट्रमंडल खेल 2002 में स्वर्ण पदक जीतने वाले मुराद अली खान को निशानेबाजी में हर स्पर्धा में पदक की उम्मीद है। मुराद ने कहा, ''हमारे युवा खिलाड़ी वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी टीम बहुत अच्छी है और मुझे लगता है कि भारत जिन स्पर्धाओं में भाग ले रहा है उनमें से 80 प्रतिशत में उसके पदक जीतने की संभावना है। मैं पदक के रंग की बात नहीं करूंगा क्योंकि वह उस खास दिन के प्रदर्शन पर निर्भर करता है।''पूर्व भारतीय कप्तान जफर इकबाल को लगता है कि अगर भाग्य ने साथ दिया तो पुरूष टीम आस्ट्रेलियाई बाधा को पार करके इतिहास रच सकती है जबकि महिला टीम की बहुत अच्छी संभावना है। भारत 2010 और 2014 में फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गया था जिसने 1998 से लेकर अब तक प्रत्येक खेलों में स्वर्ण पदक जीता है। इकबाल ने कहा, ''आस्ट्रेलिया निसंदेह बहुत मजबूत टीम है लेकिन वह अजेय नहीं है।